Title: Need for construction of a sub way on Mumbai-Agra Road at Bhadalibhoi village in Nasik.

श्री हरीभाऊ शंकर महाले (मालेगांव) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से एक महत्वपूर्ण सवाल उठाना चाहता हूं। बडालीभोई गांव तहसील चांदवाड़, डिस्ट्रिक्ट नासिक, महाराट्र में आता है। इस गांव के बीच से आगरा मुम्बई रोड जाती है, इससे यातायात में बहुत कठिनाई होती है। वहां हर साल एक्सीडेंट होते हैं और उससे 3-4 बच्चे मर जाते हैं, जानवर मर जाते हैं और कई एक्सीडेंट्स हो जाते हैं। भारत सरकार से मेरी प्रार्थना है कि भयाड़ी होकर यह रास्ता कर दिया जाये, ताकि लोगों को सुविधा हो सके।